यातायात नियम तोड़ने पर 219 वाहनों का चालान, 35 गिरफ्तार

महराजगंज आज। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 219 वाहनों का चालान किया गया। वहीं, शांति भंग की आशंका में 35 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार, विभिन्न थानों की पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत 35 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया। इसके अलावा धारा 129(जी) बीएनएसएस के तहत 28 कार्रवाई की गईं।आबकारी अधिनियम के तहत भिटौली और पनियरा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर देशी शराब बरामद की। भिटौली पुलिस ने रुदलापुर निवासी केदारनाथ गौड़ के पास से 15 पाउच बन्टी-बबली देशी शराब बरामद की। वहीं, पनियरा पुलिस ने खुटहा बाजार निवासी धर्मेंद्र के पास से 40 टेट्रा पैक बन्टी-बबली देशी शराब बरामद की।

उधर, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कुल 12 विवेचनाओं का निस्तारण किया। पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

सिसवा मुंशी चौकी प्रभारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

सिसवा मुंशी आज । भिटौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिसवा मुंशी चौकी पर तैनात इचौकी प्रभारी रुपेश कुमार पालइने पुलिस टीम के साथ गुरुवार को सिसवा मुंशी से बेलवा बुजुर्ग मार्ग पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।चौकी प्रभारी रुपेश कुमार पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली।इस दौरान बिना हेलमेट, बिना कागजात, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दर्जनों वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया।चौकी प्रभारी रुपेश कुमार पाल ने बताया कि यह अभियान सड़क हादसों को रोकने और आम जनता में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साइबर ठगी के 6 मामलों में पुलिस ने 16,386 रुपये कराए वापस

श्यामदेउरवा। एसपी के निर्देशन में साइबर फ्रॉड पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना श्यामदेउरवा साइबर सेल टीम को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने साइबर ठगी के अलग-अलग 06 प्रकरणों में ठगी गई धनराशि एमआरआरएम पोर्टल के माध्यम से पीड़ितों को वापस कराई। कुल 16,386.34 रुपये पीड़ितों के खाते में वापस कराए गए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने श्यामदेउरवा साइबर टीम का आभार व्यक्त किया। सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम में उपनिरीक्षक अक्षय कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए ओम प्रकाश,महिला कांस्टेबल अनिता पाण्डेय, कॉन्स्टेबल योगराज मौजूद रहे।

कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान का फरेंदा में भव्य स्वागत

आनन्दनगर (आज) उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान का फरेंदा में शुक्रवार को देर शाम में आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री के आगमन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। बताया जाता हैं कि मंत्री दारा सिंह चौहान आनंदनगर के वार्ड नंबर 9, स्वतंत्रता सेनानी नगर निवासी रमेश चौहान एवं रमाशंकर चौहान के आवास पर आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने रमेश चौहान की बिटिया को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उसके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर रमेश चौहान के आवास पर मंत्री के प्रथम आगमन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं। आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया।इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश जायसवाल, गोविंद चौहान, वीरेंद्र चौहान, सुधीर चौहान, विनोद चौहान,पारस चौहान और रामविलास चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।



❖ फूल मालाओं से लादकर और अंगवस्त्र भेंट कर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर विद्यालय में बच्चो को किया गया जागरूक

निचलौल आज। दिन शनिवार को कपियां रोड पर स्थितरामसमुख दास इंटर कॉलेज, निचलौल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन



मनु लॉ कॉलेज, निचलौल, महाराजगंज के लीगल एड सेल के तत्वावधान में रामसमुख दास इंटर कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व लीगल एड सेल के संयोजक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल तकनीक के सुरक्षित उपयोग के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के जोखिम, बैंकिंग संबंधी साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को साइबर अपराध की स्थिति में सतर्कता बरतने और संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में लीगल एड सेल के स्वयंसेवक सहाना, प्रीति, सानिया फारुख, शोएबा, रोहित रौनियार, रामू प्रजापति एवं अमरनाथ उपस्थित रहे। यह आयोजन साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

विधायक ने सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन का किया उद्घाटन

श्यामदेउरवा। (आज) पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल में अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया। इस नई स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत होने से क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी। विधायक ने इसके लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम को बधाई दी। सीएचसी परतावल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू होने से स्थानीय मरीजों को जांच के लिए दूर स्थित अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उद्घाटन के पहले ही दिन डॉ. दिवाकर राय ने ऊषा नाम की मरीज का अल्ट्रासाउंड किया।



उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सुरेंद्र चौधरी, अंगद गुप्ता, नगर पंचायत परतावल अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया, विवेक पटेल, सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार, संजीव सिंह और डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

राशन वितरण की तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ी

महराजगंज आज। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अक्टूबर 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण की तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि जनपद के सभी राशनकार्ड धारक अपनी उचित दर की दुकानों से ई-पॉस मशीन के माध्यम से निर्धारित खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। मोबाइल ओटीपी के जरिए खाद्यान्न वितरण की सुविधा भी अब 30 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी। पहले यह सुविधा 25 अक्टूबर तक निर्धारित थी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उचित दर की दुकानों से राशन अवश्य प्राप्त कर लें।

कैडेट्सो को फायरिंग, ड्रिल, मानचित्र एवं खेलकूद का दिया गया प्रशिक्षण

सिसवा बाजार (आज)।परमहंस पाल पी.जी.कॉलेज, गुरली, सवया में 102 यूपी बटालियन एनसीसी गोरखपुर के तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास और मानचित्र सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को कैडेट्स को फायरिंग, ड्रिल, खेलकूद और शारीरिक योगाभ्यास और फुटबल मैच जैसी गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर का संचालन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयशंकर चौधरी तथा प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने कैडेटों को बेहतर जीवन शैली अपनाने एवं कैरियर बनाने को लेकर संबोधित किया तथा कैडेट्स को प्रशिक्षण के निर्धारित उद्देश्यों के प्रति गंभीरता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पी.आई.स्टाफ ने ड्रिल अभ्यास के अंतर्गत कैडेट्स ने कदमताल, सावधान, विश्राम, सलामी तथा विभिन्न सामूहिक गतिविधियों का अभ्यास किया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट हेमंत यादव, लेफ्टिनेंट सर्वजीत सिंह, लेफ्टिनेंट शत्रुघ्न,लेफ्टिनेंट अभिषेक साहनी तथा सेकंड ऑफिसर वैभव दुबे,सेकंड ऑफिसर आशीष सिंह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर कैडेट्स का मार्गदर्शन किया।

पीईटी परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, 11 केंद्रों पर तैनात रहेगा पर्याप्त बल

महराजगंज आज। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2026) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी सदर और फरेंदा की मौजूदगी में बैठक कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनपद में परीक्षा कुल 11 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 4872 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और एक नवंबर को दो-दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और परीक्षा पर नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अनावश्यक जाम न लगने पाए और अभ्यर्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में परेशानी न हो।



आमजन का आवागमन भी सुचारु बनाए रखने को कहा गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय और सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने की शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी अवांछनीय गतिविधि तथा परीक्षा अवधि में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

डॉक्टर विहीन पशु सेवा केंद्र बदहाल,बेजुबानों के इलाज पर संकट

सिंदुरिया आज। विकास खण्ड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरेंगवा में स्थित पशु सेवा केंद्र का जब निर्माण हुआ था, तब पशु पालकों में पशुओं के इलाज के लिए अच्छी उम्मीद जगी थी। समय बितने के साथ पशु सेवा केंद्र की हालत बिगड़ती है। जिसमें अब ताला लटकने के साथ जुआड़ियों का अड्डा बना हुआ है।पशु सेवा केंद्र पर पशु चिकित्सक की तैनाती न होने से विगत कई वर्षों से बन्द पड़ा हुआ है और पशु सेवा केंद्र की हालत बद से बदतर हो जाने से अपनी दशा पर आंसू बहा रहा है।दिन ढलते पशु सेवा केंद्र पर जुआड़ी इकट्ठा होने लगते है।फिर भी जिम्मेदार बेखबर है।पशुपालक योगेंद्र यादव बृजेश राजकुमार उदयभान राजेश यादव जियावन ने बताया कि पशु सेवा केंद्र बन्द होने से पशुओं के बीमार होने पर अधिक परेशानियां उठानी पड़ती है। प्राइवेट चिकित्सकों से पशुओं का इलाज कराना पड़ता है। जिसमे अधिक पैसा खर्च करना पड़ता है। ग्राम प्रधान श्यामानंद मार्य ने कहा कि जनहित में बेजुबानों के इलाज के लिए पशु सेवा केंद्र पर पशु चिकित्सक तैनात कर अतिशीघ्र संचालित करना आवश्यक है।इस सम्बन्ध में पशु चिकित्सक सुर्यनारायण भट्ट ने बताया कि मिठौरा ब्लॉक में पशुओं के इलाज की जिम्मेदारी दो डॉक्टरों पर निर्भर है।पशु सेवा केंद्र पतरेंगवा की जिम्मेदारी डॉक्टर शंभू यादव को है। वह तीन दिन जगदौर अस्पताल पर और तीन दिन मधवलिया गौ सदन पर बैठते है।इस लिए पतरेंगवा पशु सेवा केंद्र पर बैठने के लिए समय नहीं मिल पाता है। जो उच्च अधिकारियों को पता है।



कटरा चौराहे पर वन विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण, कार्रवाई की मांग

महराजगंज आज। कटरा चौराहे पर वन विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। इससे सार्वजनिक आवागमन प्रभावित होने और आमजन को परेशानी होने की आशंका जताई जा रही है। मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है।इस संबंध में अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित भूमि का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। जांच के दौरान यदि वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा पाया जाता है, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया जाए।स्थानीय स्तर पर इस समस्या के समाधान की आवश्यकता जताते हुए कहा गया है कि सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना जरूरी है, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अब संबंधित विभाग की कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हैं।



स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

झुलनीपुर (आज) पुर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति शाखा निचलौल द्वारा संचालित सुरोखित शौशव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सुगमकरती श्रीमती साधना देवी ने संचालन करते हुए बताया कि

कार्यक्रम के तहत राहुल सांकृत्यायन शिक्षण संस्थान में वाश जागरूकता नियमित रूप से हाथ धोने से सर्दी, फ्लू, डायरिया जैसे रोगाणुरोधी नहीं होते हैं। हाथ धोने से हानिकारक बैक्टीरिया समाप्त होते हैं। गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह छूने से होने वाले संक्रमण और बिमारियों से बचाव होता है। रेंगहीहया चौकी से कांस्टेबल संतोष कुमार ने कहा कि सरकार या किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। हमें हमेशा कूड़ा कूड़ेदान में डालना चाहिए, प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जब हर व्यक्ति अपने स्तर पर सफाई का ध्यान रखेगा, तभी एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश गुप्ता, अंबिका,रोशनी तथा समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

ओडीओपी योजना: लकड़ी फर्नीचर टूलकिट प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 27 को

महराजगंज आज। वर्ष 2026-27 में एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत लकड़ी फर्नीचर टूलकिट प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन 27 अक्टूबर को होगा। यह प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, महराजगंज में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

अमृत सरोवर और छठ घाट के पास श्मशान निर्माण का विरोध, डीएम से लगाई गुहार

महराजगंज आज। पनियरा ब्लॉक की ग्राम सभा हसखोरी में प्रस्तावित श्मशान घाट के निर्माण स्थल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने अमृत सरोवर, छठ पूजा स्थल और बाबा निरकेवल दास कुटी के पास श्मशान घाट बनाने पर आपत्ति जताते हुए जिलाधिकारी और एसडीएम सदर से शिकायत की है। उन्होंने निर्माण स्थल बदलकर नदी किनारे स्थित खसरा संख्या 1194 की भूमि पर श्मशान घाट बनवाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम सभा में श्मशान घाट के लिए खसरा संख्या 109 और 1194 पर जमीन उपलब्ध है। आरोप है कि वर्तमान में खसरा संख्या 109 पर निर्माण की तैयारी की जा रही है। इसके समीप खसरा संख्या 111 पर शासन से स्वीकृत अमृत सरोवर है, जहां छठ पूजा होती है। पास में बाबा निरकेवल दास कुटी भी स्थित है, जहां मकर संक्रांति पर मेला लगता है।ग्रामीणों ने धार्मिक आस्था और परंपराओं का हवाला देते हुए प्रशासन से मामले की जांच कर निर्माण स्थल बदलने की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर विपिन वर्मा, धीरेंद्र कुमार, बेंच्ज वर्मा और दीनानाथ समेत अन्य ग्रामीणों के नाम दर्ज हैं।

जनगणना-2027 के सुपरवाइजर, प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू

सिसवा बाजार (आज)। स्थानीय नगर पालिका कार्यालय स्थित सभागार में जनगणना -2027 के लिए सुपरवाइजर एवं प्रगणको के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।शनिवार को शुरू इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रंजीत कुमार एवं रूपनारायण प्रसाद ने डिजिटल टिवी एव मोबाइल एप के माध्यम से डेटा प्रविष्टि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर और प्रगणकों को चार बैच में बांटा गया है। जिसमें आज प्रथम बैच का पहले दिन प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस दौरान लिपिक कपिलदेव भारती, कम्पूटर आपरेटर राजन कुमार, संजय कुमार, होशिला चौरसिया, अभिलाषा गोस्वामी, कृतिका चौधरी, मिथिलेश पाल, सतेन्द्र कुमार, सूर्यनारायण सहित

अविनाश पटेल, पुरंजय राय, रजत शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, प्रीती, अन्य सुपरवाइजर एवं प्रगणक मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में आठ मामले आये

श्यामदेउरवा। जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। श्यामदेउरवा थाने में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस से जुड़े दो और राजस्व से जुड़े छह मामले आए। जिसमें से राजस्व एवं पुलिस के कोई भी मामले का मौके पर निस्तारण नही हुआ। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अधिकांश शिकायतें जमीन और आपसी विवाद से संबंधित थीं। इस दौरान थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शम्भूनाथ सिंह, उपनिरीक्षक गजेन्द्र पाण्डेय सहित राजस्व टीम के लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने लंबित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

❖ थानाध्यक्ष ने लंबित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के दिए निर्देश

मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

निचलौल आज। निचलौल कस्बे में यादव पेट्रोल पंप के निकट 20 अक्टूबर की रात दशहरा का मेला देखने आये युवक को तीन युवकों ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया।युवक ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ग्राम टिकुलहिया निवासी मोहम्मद आलम पुत्र नन्हे ने तहरीर देकर अवगत कराया है कि 20 अक्टूबर की शाम 7:00 बजे मैं निचलौल कस्बे में मूर्ति देखने आया था। इसी दौरान यादव पेट्रोल पंप के निकट गिरीश यादव पुत्र रामनरेश ,शक्तिमान पुत्र टीपी सिंह छोटू यादव पुत्र अज्ञात ने उसको मामूली बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ मारपीट संबंधित धारे में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पीड़ीए चौपाल आज

झुलनीपुर (आज) निचलौल कस्बे के चिउटहा रोड स्थित दामोदरी पोखरा स्थित खेल मैदान में 25 अक्टूबर दिन रविवार शाम 5:00 बजे समाजवादी पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया है। जिसमें कुशीनगर जिले के भोजपुरी सुपरस्टार समर सिंह तथा भोजपुरी गायक मनोज यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 317 सिसवा विधानसभा के भावी उम्मीदवार पूर्व मंत्री सुशील टिगडेवाल ने बताया कि जन चौपाल में क्षेत्र के नगर के युवाओं और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। जन चौपाल में अधिक से अधिक लोगों की पहुंचने की उम्मीद है।

थाना दिवस में आए दो मामलो में कोई निस्तारण नही

निचलौल आज।निचलौल थाने में शनिवार को सीओ रविन्द्र कुमार सिंह और तहसीलदार अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान कुल दो मामले आए दोनों राजस्व से संबंधित थे कोई निस्तारण नही हो सका,दोनो मामले को संबंधित लोगों को सुपुर्द कर तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी एवं हल्का के लेखपाल मौजूद रहे।